an>

Title: Laid Action Taken Statements of Standing Committee on Coal and Steal.

श्री राकेश सिंह : अध्यक्ष महोदया, मैं कोयला और इस्पात संबंधी स्थायी समिति के अध्याय एक और पांच में अंतर्विष्ट सिफारिशों के संबंध में सरकार द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित की-गई-कार्रवाई संबंधी विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं:-

(1) कोयला मंत्रालय की 'अनुदानों की मांगों (2013-2014)' के बारे में 33वें प्रतिवेदन (15वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के संबंध में कोयला और इस्पात संबंधी स्थायी समिति का 44वां प्रतिवेदन (15वीं लोक सभा)।

(2) खान मंत्रालय की 'अनुदानों की मांगों (2013-2014)' के बारे में 34वें प्रतिवेदन (15वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही के संबंध में कोयला और इस्पात संबंधी स्थायी समिति का 45वां प्रतिवेदन (15वीं लोक सभा)।

(3) इस्पात मंत्रालय से संबंधित 'सरकारी क्षेत्र की इस्पात कंपनियों में कर्मकारों की सेवा शर्तें' के बारे में 51वें प्रतिवेदन (15वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही के संबंध में कोयला और इस्पात संबंधी स्थायी समिति का पांचवां प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा)।

(4) इस्पात मंत्रालय से संबंधित 'सरकारी क्षेत्र की इस्पात कंपनियों द्वारा इस्पात का विपणन और ढुलाई' के बारे में 52वें प्रतिवेदन (15वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई- कार्यवाही के संबंध में कोयला और इस्पात संबंधी स्थायी समिति का छठा प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा)।

<u>12.42 hrs.</u>

STANDING COMMITTEE ON SOCIAL JUSTICE

AND EMPOWERMENT

20^{th} Report